भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 26.04.2025

## आरेडिका में अंतर विभागीय रेलवे वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2025 का समापन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) में दिनांक 21.04.2025 से 25.04.2025 तक आयोजित अंतर विभागीय रेलवे वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2025 का समापन महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा एवं उच्च अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में बड़े उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एम एंड पी विभाग एवं लेखा विभाग के बीच खेला गया, जिसमें एम एंड पी विभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2–0 से विजेता का खिताब जीता, जबकि लेखा विभाग की टीम उपविजेता रही।

समापन समारोह में महाप्रबंधक महोदय ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष एवं प्रधान वित्त सलाहकार बी. एल. मीना, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्रा, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिन्दल, मुख्य सतर्कता अधिकारी अकमल वदूद, खेल–कूद विशेष अधिकारी पदमश्री एवं अर्जुन पुरस्कार प्राप्त सुधा सिंह, खेलकूद संघ के सचिव एवं वित्त सलाहकार तथा मुख्य लेखा अधिकारी अरविन्द कुमार सहित संघ के सभी सदस्य, उच्चाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

26/4/2025
(आर एन तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी